गैरसैंण, सोमवार
23 फरवरी 2026
वर्ष: 17
अंक: 269 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### गृह कलेश से परेशान विवाहिता ने गटका जहर, गंभीर

रुड़की। थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह 35 वर्षीय महिला ने गृह क्लेश से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों को जानकारी मिलते ही उसे तुरंत कस्बे के एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत पर निगरानी रखी जा रही है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, घरेलू विवाद के चलते महिला ने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और महिला व उसके परिजनों से जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षकों ने दी बोर्ड परीक्षा बहिष्कार की धमकी

हल्द्वानी। उत्तराखंड के प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल पर जानलेवा हमले की घटना की शिक्षकों ने कड़ी निंदा की है। रविवार को राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गिरीश चंद जोशी के नेतृत्व में शिक्षक और कर्मचारियों ने बुद्ध पार्क में विरोध जताया। मामले में उन्होंने तहसीलदार कुलदीप पांडे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने, सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा बढ़ाने और अराजकता रोकने की मांग की। ऐसा नहीं करने पर बोर्ड परीक्षाओं का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंडलीय अध्यक्ष डॉ. गोकुल मतोलिया, जिला संरक्षक डॉ. धर्मेंद्र पनेरु, जिला उपाध्यक्ष मदन गिरी गोस्वामी, संयुक्त मंत्री गिरीश कांडपाल, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. विवेक पांडे, संयुक्त मंत्री गिरीश कांडपाल, भुवन पांडे, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष दुर्गा दत्त गुणवंत, पूर्व महामंत्री डॉ. सोहन मंजिला आदि मौजूद रहे।

### झुतिया में एक साथ दिखे तीन गुलदार, जंगल गई महिलाएं घर लौटीं

नैनीताल। विकासखंड रामगढ़ के झुतिया गांव में बीते शनिवार को एक साथ तीन गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत है। ग्रामीण देवेंद्र मेर ने बताया कि जैसे ही तीन गुलदार गांव के पास देखे गए, महिलाओं को फोन कर सचेत किया गया। डर के कारण महिलाएं जंगल से घर लौट आईं। ग्रामीणों ने गुलदारों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला। जिसके बाद आसपास के गांवों में भी लोग सतर्क हो गए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और पिंजरा लगाने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल ग्रामीण सतर्कता बरत रहे हैं और समूह में ही जंगल जाने का निर्णय लिया गया है।

### नैनीताल में बादल और धुंध ने बढ़ाई ठंड

नैनीताल। नैनीताल में रविवार को दिन भर बादल और धुंध छाए रहने से ठंड में भी बढोतरी हुई। धूप और बादलों की आंख मिचौली सुबह से दोपहर तक जारी रही। दोपहर में धुंध ने शहर को आगोश में ले लिया। इस दौरान तेज हवाएं भी कुछ देर चली। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आज सोमवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से सक्रिय होने जा रहा पश्चिमी विक्षोभ अधिक असरकारक नहीं है। यह बादलों और हल्की बारिश के रूप में नजर आ सकता है। प्रदेश के कुछ ही जिलों में इसका अधिक असर रहेगा।

### होली पर उड़ेगा ईको फ्रेंडली हर्बल गुलाल

ऋषिकेश। होली पर्व के लिए खदरी खड़कमाफ में महिलाएं ईको फ्रेंडली हर्बल ऑर्गेनिक कलर बना रही हैं। यह रंग न तो स्वास्थ्य और स्कीन पर किसी तरह का प्रभाव डालते हैं और न ही खरीदारों को ज्यादा रकम ही चुकानी पड़ती है। पर्व पर महिलाओं के लिए रंग बनाने का यह काम आर्थिक रूप से सशक्त होने का माध्यम भी बनता दिख रहा है।

खदरी में इशा कलूड़ा चौहान की अगुवाई में स्थानीय महिलाएं हर्बल रंग तैयार कर रही हैं, जिनमें गेंदा के फूल, पालक, कड़ी पत्ता, तुलसी और नीम के पत्ते आदि का उपयोग किया जा रहा है।

---

**तेज रफ्तार ट्रेलर ने पुलिस वाहन को मारी टक्कर**

# ड्यूटी पर तैनात 5 जवानों की दर्दनाक मौत

अनुगुल ,। ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रविवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार ट्रेलर और पुलिस के वाहन (बोलेरो) के बीच हुई जोरदार आमने–सामने की टक्कर में ड्यूटी पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही जान चली गई, जबकि तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

यह भीषण दुर्घटना झारसुगुड़ा सदर थाने के ठीक सामने घटी, जिसके बाद इलाके में चीख–पुकार और अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया।

**टक्कर इतनी भीषण कि उड़ गए गाड़ी के परखच्चे**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीम अपने वाहन से ड्यूटी पर थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रेलर ने उनकी बोलेरो को सीधी टक्कर मार दी। हादसे की भयावहता



का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के वाहन के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक घटना में एपीआर जवान काशीराम भोई और देबदत्त सा, ड्रिल सब–इंस्पेक्टर निरंजन कुजूर, एपीआर हवलदार लिंगराज धुरुआ के साथ–साथ होमगार्ड भक्तबंधु मिर्धा का मौके पर ही निधन हो गया।

**तीन घायल जवानों की हालत बेहद नाजुक**

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस महकमे की मदद से सभी घायल जवानों को फौरन झारसुगुड़ा जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में दो एपीआर जवान और एक सार्जेंट गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज जारी है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, घायलों की स्थिति फिलहाल बेहद नाजुक बनी हुई है और उन्हें डॉक्टरों की कड़ी और गहन चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

**ट्रेलर चालक हिरासत में, पुलिस कर रही मामले की जांच**

घटना की दर्दनाक सूचना मिलते ही पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी फौरन मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया।

### मद्रास हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार मामले में मंत्री केएन नेहरू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

चेन्नई , मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार विरोधी विभाग (डीवीएसी) को नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति मंत्री केएन नेहरू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद सियासत गर्मा गई है। तमिलनाडु भाजपा ने रविवार को सत्तारूढ़ डीएमके सरकार से मंत्री को हटाने की मांग की है। तमिलनाडु भाजपा के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने कहा कि कोर्ट का आदेश डीएमके सरकार के लिए एक गंभीर झटका है। उन्होंने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से केएन नेहरू को तुरंत मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। एएनएस प्रसाद ने सीबीआई से जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि केवल केंद्रीय एजेंसी से ही अनियमितताओं की व्यापक और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से लगाए गए आरोपों और उसके सामने पेश साक्ष्यों पर विचार करते हुए यह निर्देश जारी किया। अक्टूबर 2025 में तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक को दी गई शिकायत में ईडी ने नगर प्रशासन और जल आपूर्ति विभाग के भीतर नियुक्तियों और निविदा प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। आरोप है कि इसमें 630 करोड़ रुपए से लेकर 1,020 करोड़ रुपए तक की वित्तीय अनियमितताएं शामिल हैं। एजेंसी ने दावा किया कि 2,538 नियुक्तियों के संबंध में प्रति पद 25 से 35 लाख रुपए तक की रिश्वत ली गई।

# अश्लील वीडियो बनाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

व्यक्ति का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने तमिलनाडु से गिरफ्तार किया है। आरोपी व्यक्ति से साढ़े तीन लाख रुपये ठग चुका था। आरोपी पर पुलिस ने पांच हजार रुपये का इमान घोषित किया था। मामले में कुछ वर्ष पूर्व एक व्यक्ति की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। जिसमें बताया गया था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी वीडियों को एडिट किया है। जिसके बाद वह उन्हें उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। वीडियो डिलीट करने के लिए उनसे तीन लाख रुपये से अधिक की धनराशि भी ली गई। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरु की। कोतवाली प्रभारी प्रदीप नेगी ने बताया कि कई प्रयासों के बाद उपनरीक्षिक राजाराम डोभाल के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले में हरियाणा के जिला नुहू के अंतर्गत एचवाडी–पुन्हानो निवासी रुक्कू पुत्र शमशू को गिरफ्तार किया है। बताया



कि रुक्कू पर पांच हजार का इनाम घोषित था। पेशे से ट्रक चालक रूक्कू ने पूछताछ में बताया कि वह लोगों के फर्जी अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देने के बाद स्वयं को पुलिस अधिकारी बता धन की उगाही करता था। बताया कि उसके खिलाफ इसी तरह का एक मामला दिल्ली में भी दर्ज है व वह इस मामले में अपने भाई के साथ एक माह तिहाड़ जेल में भी बंद रहा। बताया कि कोटद्वार निवासी व्यक्ति से ठगी के बाद वह तमिलनाडु जाकर ट्रक चालक के रूप में कार्य करने लगा था।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया बालावाला में विराट हिन्दू सम्मेलन में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बालावाला देहरादून में विराट हिन्दू सम्मेलन में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि यह मात्र एक सम्मेलन नहीं, बल्कि हिंदू समाज की चेतना, एकता और आत्मगौरव का महापर्व भी है।

हिंदू समाज आज न केवल जागृत और समर्पित है बल्कि अपने धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के प्राचीन वैभव को पुनः लौटाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ संगठित भी हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष में पूरे देश में इस प्रकार के विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि वे विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन से जुड़े हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 100 वर्षों में देश के सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर राष्ट्रभक्ति की भावना को जन–जन के हृदय में सशक्त रूप से स्थापित करने का कार्य भी किया है। शिक्षा, कृषि, ग्राम विकास,



समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आदिवासी उत्थान, सेवा कार्य, कला और विज्ञान ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहाँ संघ के स्वयंसेवकों ने निस्वार्थ भाव से योगदान न दिया हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विविधताओं से भरा हुआ देश है। यहां भाषा, संस्कृति, जाति और क्षेत्र के आधार पर अनेकों भिन्नताएँ हैं। लेकिन इन सबके बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा भेदभाव से ऊपर उठकर भारत की एकात्मता को मजबूत किया है और जन–जन में एक भारत – श्रेष्ठ भारत की भावना जगाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में भाषाएं अलग हो सकती है, परंपराएँ भिन्न हो सकती हैं, पूजा– पद्धतियां और जीवन शैली अलग हो सकती है, परंतु मूल सत्य और मानवीय मूल्य एक ही रहते हैं। इसी भावना का व्यापक स्वरूप ही हिंदुत्व है । जो भारत को अपनी मातृभूमि और पितृभूमि मानता है, इसकी संस्कृति, परंपरा, जीवनशैली और मूल्यों का आदर करता है, उसकी पूजा–पद्धति चाहे कोई भी हो, पर उसकी आत्मा हिंदू है।

हिंदुत्व हमें सिखाता है कि हम सब एक हैं, हमारी विविधताएँ ही हमारी शक्ति हैं, और हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि के मूल स्वरूप को बनाये रखने लिए निरंतर कार्य कर रही है। सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगारोधी कानून के साथ ही ऑपरेशन कालनेमी के माध्यम से सनातन धर्म को बदनाम करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### जोधपुर में शादी के दिन ही दो सगी बहनों की मौत

जोधपुर ,सूरसागर थानान्तर्गत मणाई गांव के एक मकान में दो बहनों की शादी को लेकर खुशियों का माहौल था। घरवाले व रिश्तेदारों ने बंदोली में जमकर नृत्यु किए थे, लेकिन कुछ ही देर में यह खुशियां मातम में बदल गईं। बारात आने से बीस घंटे पहले ही दोनों दूल्हन बहनों की मृत्यु हो गई। प्रथम दृष्टया पुलिस को आशंका है कि जहरीला पदार्थ खाकर दोनों ने आत्महत्या की है। कारण अभी पता नहीं लग पाया है, लेकिन दोनों के शादी से नाखुश होने की आशंका जताई गई है। थानाधिकारी हरीशचन्द्र सोलंकी ने बताया कि मणाई गांव निवासी दीपसिंह की पुत्री शोभा (25) और विमला (23) की जहरीला पदार्थ खाने से मृत्यु हुई है। अब तक की जांच से अंदेशा है कि दोनों ने आत्महत्या की है। इस संबंध में सुबह छह बजे सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वॉयड बुलाकर जांच कराई गई। तत्पश्चात शव महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी भेजे गए, जहां मर्ग दर्ज करने के बाद मेडिकल बोर्ड गठित कर दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया।

**शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की मुश्किलें बढ़ी**


## यौन शोषण मामले में पॉक्सो कोर्ट ने दिया एफआईआर का आदेश

प्रयागराज , सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरुओं में शुमार और ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एक बड़े कानूनी विवाद में घिर गए हैं।

संगमनगरी स्थित विशेष पॉक्सो अदालत ने उनके और उनके एक करीबी शिष्य के खिलाफ यौन शोषण जैसे गंभीर आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज करने का सख्त फरमान सुनाया है। इस बड़े आदेश के बाद अब धर्म जगत में भारी हलचल मच गई है और पुलिस जल्द ही इस हाई–प्रोफाइल मामले की तफ्तीश शुरू करने जा रही है।

**नाबालिगों के बयान के बाद अदालत ने सुनाया फैसला**

अदालत ने यह अहम फैसला मामले से जुड़े दो नाबालिग पीड़ितों के बयानों को गंभीरता से सुनने के बाद लिया है। बीते 13 फरवरी को पॉक्सो स्पेशल कोर्ट के जज विनोद कुमार चौरसिया के समक्ष इन दोनों नाबालिगों के बयान वीडियोग्राफी के साथ दर्ज किए गए थे।



इसके साथ ही अदालत ने पुलिस की विस्तृत रिपोर्ट का भी बारीकी से अध्ययन किया। तमाम सुबूतों और पुलिस की प्राथमिक जांच को संज्ञान में लेने के बाद अदालत ने पहले अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था और अब झूंसी थाने में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ विधिवत एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे, मिशनरियों को डटकर मुकाबला करना होगा : मायावती

लखनऊ ,बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और आर्थिक सहयोग को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संसद में हालिया टकराव और देश में उभरती जनसमस्याओं के मद्देनजर बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए बेहतर राजनीतिक एवं माहौल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बसपा मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ेंगे जिसका डटकर मुकाबला करना होगा। मायावती ने 19 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक के दिशा–निर्देशों की राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे बीएसपी मजबूत होगी, विरोधियों के षड्यंत्र भी



बढ़ेंगे, लेकिन मिशनरी कार्यकर्ताओं को डटकर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना है और सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करना लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में लोग भीमराव अंबेडकर के बहुजन आत्मसम्मान और स्वाभिमान मिशन को आगे बढ़ाने की अपेक्षा बसपा से रखते हैं। पार्टी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में अपने पूर्व कार्यकालों के दौरान 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायझ् और कानून के राज की नीति पर चलते हुए सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए गए।

मायावती ने आरोप लगाया कि विरोधी दलों और उनकी सरकारों की नीतियां गरीब, किसान और बहुजन विरोधी रही हैं तथा कथनी और करनी में अंतर के कारण उनकी विश्वसनीयता घट रही है। ऐसे में बसपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वह नई राजनीतिक उम्मीद के रूप में उभरे। बहुजन समाज के उत्थान के नाम पर निजी स्वार्थ साधने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की गई। मायावती ने कहा कि जो लोग पार्टी के कारण आगे बढ़े और बाद में बसपा से अलग हो गए, वे समाज के सच्चे हितैषी नहीं हो सकते।

### मेरठ मेट्रो और नमो भारत कॉरिडोर पर सीएम योगी बोले– ये नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में स्वर्णिम अध्याय

लखनऊ , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली–मेरठ के बीच नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो कॉरिडोर के शुभारंभ को नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा का स्वर्णिम अध्याय बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरठ दौरे को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्रांतिधरा मेरठ में मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को गति प्रदान करेंगे। साथ ही आधुनिक कनेक्टिविटी के साक्षी बन रहे जनपद मेरठ को लगभग 12,930 करोड़ रुपए की अलग–अलग विकास और लोक–कल्याणकारी परियोजनाओं की सौगात प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री का उत्तर प्रदेश आगमन पर उनका स्वागत करते हुए सीएम योगी ने एक्स पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी 82 किमी लंबे दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करते हुए आरआरटीएस के शेष खंडों का उद्घाटन करेंगे।

## किश्तवाड़ मुठभेड़ में जैश–ए–मोहम्मद के दो आतंकी ढेर

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में संयुक्त बलों के साथ हुई मुठभेड़ में जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) आतंकी संगठन का एक शीर्ष कमांडर और एक आतंकवादी मारा गया। नागरोटा स्थित सेना के व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा, दो आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन त्राशी–1 जम्मू–कश्मीर पुलिस, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसी और हमारे अपने खुफिया सूत्रों से प्राप्त विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए ऑपरेशन त्राशी–1 के तहत किश्तवाड़ क्षेत्र में एक सुनियोजित संयुक्त अभियान शुरू किया गया। उन्होंने आगे बताया, सीआईएफ डेल्टा व्हाइट नाइट कॉर्प्स के जवानों ने जम्मू–कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के साथ समन्वय में रविवार सुबह लगभग 11:00 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों से दोबारा मुठभेड़ की। सैनिकों ने मुठभेड़ स्थल पर दो



आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही 2 एके–47 राइफलों सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। सेना ने कहा कि तलाश जारी है और जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे उन्हें कोई पनाह नहीं मिलेगी। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि जम्मू–कश्मीर पुलिस, सेना के दो पैरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में जैश–ए–मोहम्मद का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। हालांकि, मारे गए आतंकवादी का शव बरामद किया जा रहा है। इस महीने इस इलाके में यह दूसरी घटना है। इससे पहले, 4 फरवरी को इसी घने जंगल वाले इलाके में गोलीबारी हुई थी। किश्तवार के चतरू इलाके में पिछले एक साल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एक दर्जन से अधिक मुठभेड़ें हुई हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में विदेशी आतंकवादियों का एक समूह सक्रिय है, जो किश्तवाड़, डोडा और उधमपुर जिलों के बीच अपना ठिकाना बदलते रहते हैं। सेना, जम्मू–कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ पाकिस्तानी आतंकवादियों के इस समूह का लगातार पीछा कर रहे हैं और इसी गहन खोज के कारण यह समूह सुरक्षा बलों पर हमला करने की कोशिश करने के बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू मंडल के पहाड़ी जिलों में पाकिस्तानी आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं।

# कांग्रेस ने एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाया : पीएम मोदी

मेरठ ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस के शर्टलेस प्रदर्शन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ में करीब 12,930 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। साथ ही भारत के पहले नमो भारत आरआरटीएस और संपूर्ण दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर देश को समर्पित किया।

इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ आज देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ



राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे। अभी आपने देखा कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा एआई इम्पैक्ट समिट हुआ। दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। पूरा देश गर्व से भर गया, लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने क्या किया? कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। उन्होंने आगे कहा, समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतारकर पहुंच गए। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूं कि आपको कपड़े उतारने की जरूरत क्यों पड़ी। कांग्रेस के नेताओं ने वहां पर जो कुछ किया, वो दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से दिवालिया हो गई है। कांग्रेस तो अपने देश को ही बदनाम करने में जुटी है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है, वे मेरी कब्र खोदना चाहते हैं, और उन्हें भाजपा और एनडीए से विरोध है।

### देश में नक्सलवाद अंतिम दौर में है, जल्द ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगा : शाहनवाज हुसैन

नई दिल्ली , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नक्सलवाद के खात्मे संबंधी बयान का समर्थन करते हुए भाजपा नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि देश में नक्सलवाद अब अपने अंतिम दौर में है और केंद्र सरकार की सख्त नीति के चलते यह जल्द पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने स्पष्ट किया है कि घुसपैठियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें भारत की धरती पर रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि घुसपैठियों को अपने देश वापस लौट जाना चाहिए, क्योंकि भारत की सुरक्षा और संप्रभुता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि असम में भाजपा सरकार बनने के बाद नक्सलवाद को पांच साल के एजेंडे में शामिल कर निर्णायक रूप से समाप्त करने की दिशा में काम किया जाएगा।इंडिया एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट अत्यंत सफल रहा और 'एआई फॉर ऑलझ् के नारे के साथ संपन्न हुआ।

## ईडी का बड़ा फैसला : इस वित्त वर्ष 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य

### अब एक से दो साल में पूरी होगी मामलों की जांच

नई दिल्ली , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामलों में तेजी लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। एजेंसी ने मौजूदा वित्त वर्ष में 500 चार्जशीट दाखिल करने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही, जांच अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि केस दर्ज होने के बाद जांच को एक से दो साल के अंदर पूरा कर लिया जाए। हालांकि, बहुत पेचीदा मामलों में इसमें छूट मिल सकती है। यह फैसला पिछले साल 19 से 21 दिसंबर के बीच असम के गुवाहाटी में हुई जोनल अधिकारियों की 34वीं तिमाही बैठक में लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता ईडी डायरेक्टर राहुल नवीन ने की। एजेंसी अब दिल्ली से बाहर हर तीन महीने में ऐसी बैठकें कर रही है। इससे पहले केवड़िया (गुजरात) और श्रीनगर में बैठकें हुई थीं। गुवाहाटी में सम्मेलन आयोजित करना पूर्वोत्तर क्षेत्र की रणनीतिक और परिचालन अहमियत को भी दर्शाता है। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि पुराने लंबित मामलों को खत्म करने और नई जांच को समय पर पूरा करने के लिए यह लक्ष्य जरूरी है। उन्हें निर्देश दिया गया कि जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जाए, समय पर अभियोजन शिकायत दाखिल हों और कुर्की या जुर्माने जैसी कार्रवाई कानूनी रूप से ठोस हो। पीएमएलए कानून के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल सावधानी, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ करने, समन और कानूनी नोटिस केवल स्पष्ट आवश्यकता और उचित आधार पर जारी करने पर जोर दिया गया।

## सम्पादकीय

### विधायक की मौजदूगी में हमला

एक विधायक की मौजूदगी में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी पर हमला करना बहुत ही अशोभनीय घटना है। एक सामाजिक व्यवस्था में ऐसी राजनीतिक गुंडागर्दी का बेशर्म नमूना है। मुद्दा था एक विद्यालय को लेकर लेकिन समर्थकों के साथ पहुंचे रायपुर विधायक उमेश शर्मा उर्फ काऊको चाहिए था कि यदि शासन स्तर पर कोई विषय लंबित है तो निदेशक के कार्यालय से ही संबंधित अधिकारी को फोन करते। विधायक को मालूम होना चाहिए कि इस लापरवाही की जिम्मेदार सरकार है और सरकार के आप ही प्रतिनिधि हो। मतलब अपनी कमियों पर पर्दा डाल निदीष व्यक्ति की मर्यादा, इज्जत पर हाथ डालने का अधिकार यदि आपको है तो मत भूलिए इनके जैसे लोगों का ईलाज भी जनता करना जानती है। जनता पद के घमंड और दबंगई का माकूल जवाब देती हैं भूलिए नहीं चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व को इस घटना का संज्ञान लेना चाहिए कहीं ये दलबदलु भाजपा की छीछालेदर करवाने तो आपके साथ नहीं जुड़े हैं। अब जबकि चुनाव सर पर है इस नाजुक समय में ऐसी शर्मनाक घटना भाजपा को भारी नुकसान पहुंचाएगी।। जो व्यक्ति गैर राजनीतिक है वो भी इस घटना से आहत है। आखिर सत्ता निरंकुश इसलिए ऐसे हालात बन रहे हैं। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा पर जानलेवा हमला बहुत ही निंदनीय एवं शर्मनाक है। वीडियो में दिख रहे लोग और उनकी भाषा , कहीं से भी जनसेवक नहीं लग रहे हैं। अगर यह लोग वास्तव में उत्तराखंड के जन सेवक है तो कल्पना की जा सकती है कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त, आसमान, मवाली कैसे होते होंगे ? उत्तराखंड मेंअराजकता की हद है। इस तरह तो कर्मचारी ,शिक्षक ,अधिकारियों का काम करना बेहद ही मुश्किल हो जाएगा।अगर इस प्रकार किसी अधिकारी के ऑफिस मे अगर एसा तांडव करते लोगों पर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई इनको जेल नहीं भेजा गया तो यहां अराजकता का माहौल हो गया और विधायक वहां पर खुद है और विधायक के लोग एसा गुन्डा गर्दी कर रहे हैं प्रदेश को क्या संदेश जा रहा है अधिकारीयों का क्या कोई बोलने वाला नहीं है अधिकारी तो एसा हो गया जैसे जिसकी लाठी उसकी भैस। ये माहौल को देख कर क्या प्रतिक्रिया दें, सिर्फ सवाल खड़े होते है कि गलत आदमी को जनता ने चुना जिसे लोगों को रोकना था वह उत्साहवर्धन कर रहा है। लोकतंत्र में प्रदर्शन करना अपनी बात को रखना एक संवैधानिक मूल अधिकार है जिसकी आड़ में हम गुंडागर्दी नहीं कर सकते यह हमारा सभ्य समाज एवं संविधान अधिकार नहीं देता, और इसे कार्यों की निंदा करनी चाहिए, लेकिन हमे यहा भी समझना पड़ेगा कि उत्तराखंड के कई बड़े अधिकारी तानाशाह हैं, वो यह इस राज्य का भाग्य बदलने वाले अपने आप को भगवान समझते हैं, शिक्षा विभाग का हाल तो सभी को पता है। विभागों में व्याप्त गहरा भ्रष्टाचार, ओर जा प्रतिनिधियों का ऐसा आचरण देख के राज्य के लोग अब अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा

**यूजीपी ने प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट रेगुलेशन 2026 के नाम से नए नियम जारी किए हैं। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव खत्म करना बताया गया है। इस तरह का एक नियम 2012 में बना था, जो पहले से उपलब्ध था। उसमें कुछ बदलाव करके उसे नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। 2012 के नियम में सिर्फ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति यानी एससी और एसटी को उत्पीड़न से बचाने का प्रावधान किया गया था। अब उसमें अन्य पिछड़ी जातियों यानी ओबीसी को भी जोड़ दिया गया है। साथ ही महिलाएं और दिव्यांगजनों को भी शामिल किया गया है। महिलाओं और दिव्यांगों में हर वर्ग के छात्र शामिल होंगे। इसका मतलब है कि सामान्य वर्ग के एक छोटे से समूह को पहले से ही अत्याचारी या उत्पीड़क मान कर बाकी लोगों को उससे बचाने का प्रावधान किया गया है। 2012 के कानून में भेदभाव या उत्पीड़न की फर्जी शिकायत करने पर कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है।**

**अजीत द्विवेदी**

अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा। ऐसा होना न तो अनायास होगा और न आश्चर्यजनक होगा। आमतौर पर इतने बड़े नेता का जब भी असमय निधन होता है या उसके साथ कोई हादसा होता है तो राजनीति बदलती है। कई राज्यों में इसके प्रमाण मिल जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर हादसे में तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू के निधन के बाद अरुणाचल की राजनीति हमेशा के लिए बदल गई। कलिखो पुल थोड़े दिन मुख्यमंत्री रहे और बाद में उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाने के बाद खुदकुशी कर ली थी। दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू ने पहले अलग पार्टी बनाई और फिर पार्टी का भाजपा में विलय करके भाजपा के मुख्यमंत्री बन गए। अरुणाचल प्रदेश, जहां कांग्रेस का इतना मजबूत आधार था वहां वह पूरी तरह से खत्म हो गई।

इसी तरह आंध्र प्रदेश में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी का निधन हुआ तो पूरी राजनीति बदल गई। वे संयुक्त आंध्र प्रदेश के आखिरी क्षत्रप साबित हुए। उनके निधन के बाद कांग्रेस ने उनके बेटे जगन मोहन रेड्डी को सीएम नहीं बनाने की जिद में किरण रेड्डी और के रोसैया का प्रयोग किया और अंत में राज्य का विभाजन हुआ। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो गया। 2014 से लेकर अभी तक तीन लोकसभा और तीन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। अलग हुए राज्य तेलंगाना में 10 साल के बाद जरूर कांग्रेस लौटी लेकिन आंध्र प्रदेश में कोई संभावना नहीं दिख रही है।

मध्य प्रदेश में माधवराव सिंधिया के विमान दुर्घटना में निधन के बाद पिछले करीब 25 साल में कांग्रेस सिर्फ एक बार बहुमत के करीब पहुंच पाई है और उस समय भी सिर्फ सवा साल की ही सरकार बनी। राजीव गांधी के निधन के बाद की राष्ट्रीय राजनीति का सबको पता है। कांग्रेस की राजनीति में कैसी उथलपुथल रही यह भी सबको पता है। भारतीय राजनीति के इतिहास की इस पृष्ठभूमि में जब अजित पवार के विधन को देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। मौजूदा सरकार और राजनीति दोनों का शक्ति संतुलन प्रभावित होगा। अजित पवार एक संतुलनकारी ताकत के तौर पर महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूद थे।

इसमें संदेह नहीं है कि उनकी पार्टी रहेगी लेकिन उनके जैसी राजनीति करने वाला कोई नहीं होगा। 2024 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल किया तब भी सरकार का गठन कई दिनों तक अटका रहा था। एकनाथ शिंदे नाराजगी दिखा रहे थे। उस समय भी ब्रेक थ्रू अजित पवार ने दिया था। देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब एक पत्रकार ने शिंदे से पूछा, 'क्या आप उप मुख्यमंत्री बनेंगे?' वे कुछ बोलते उससे पहले अजित पवार ने कहा, 'एकनाथ शिंदे का पता नहीं है लेकिन मैं शपथ ले रहा हूं'। इसके बाद अपने आप सारा खेल बदल गया था।

अजित पवार एक तरफ से देवेंद्र फड़नवीस की राजनीति के लिए कवच का काम कर रहे थे। फड़नवीस के साथ उन्होंने एक बार 80 घंटे की सरकार भी बनाई थी। उससे भी पता चलता है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री कैसी थी। अब फड़नवीस की राजनीति का वह कवच हट गया है। उन्हें अब अकेले पार्टी के अंदर के संघर्ष का मुकाबला करना होगा और पार्टी के बाहर गठबंधन की राजनीति यानी एकनाथ शिंदे के दांवपेंच का भी मुकाबला अकेले करना होगा। फड़नवीस चाहेंगे कि अजित पवार की पार्टी की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो, जिसके साथ वे सहजता से सारी बातें कर सकें। अजित पवार के परिवार से कौन फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री बनता है और बारामती की सीट से कौन उपचुनाव लड़ता है इससे बहुत कुछ तय होगा।

जहां तक अजित पवार की पार्टी का सवाल है तो उनके सामने कई विकल्प हैं। एक विकल्प तो यथास्थिति का है। लेकिन नेता के नहीं होने पर यथास्थिति संभव नहीं होती है। इसके बावजूद पार्टी के पास स्वतंत्र राजनीति का रास्ता है। अगर अजित पवार की पार्टी अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखती है तो उसके लिए अच्छा होगा लेकिन उसके लिए जरूरी है कि कोई मजबूत नेता पार्टी की कमान संभाले। ऐसा नेता, जो भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए भी उसे आंख दिखा सके और जरुरत पड़ने पर भाजपा को रोकने के लिए उसकी विरोधी पार्टी से भी तालमेल कर सके। ध्यान रहे अजित पवार ने शहरी निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी से तालमेल किया था। इस तरह की स्वतंत्र राजनीति सबसे अच्छा विकल्प है। दूसरा विकल्प शरद पवार का नेतृत्व स्वीकार करने और दोनों एनसीपी के विलय का है। कहा जा रहा है कि अजित पवार कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। अगर उन्होंने कोई रूपरेखा बनाई हो तब इस रास्ते पर जाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

लेकिन तब भी यह सवाल रहेगा कि नेता कौन होगा? जाहिर तौर पर 85 साल के शरद पवार तो नेता नहीं हो सकते हैं। फिर कौन? सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार, पार्थ व जय पवार में से कोई या रोहित व युगेंद्र पवार में से कोई या परिवार से बाहर के सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल और धनंजय मुंडे? एक तीसरा विकल्प अपनी स्वतंत्रता से समझौता करके भाजपा की शरण में जाने का है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपने दोनों युवा बेटों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह रास्ता चुन सकती हैं। एक बार चुनाव लड़ चुके पार्थ पवार राज्य सरकार में शामिल हों और सुनेत्रा खुद केंद्र की सरकार में मंत्री बनें। यह स्थिति देवेंद्र फड़नवीस के भी अनुकूल हो सकती है।

जो हो इतना तय है कि अजित पवार के अचानक महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज से चले जाने से प्रदेश की राजनीति का लैंडस्केप भी पूरी तरह से बदलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसमें अपने विस्तार की संभावना देख रही होगी। ध्यान रहे जब शिव सेना एकजुट थी और एनसीपी भी एकजुट थी तब भाजपा अपना विस्तार उन इलाकों में करना चाहती थी, जहां उसका मजबूत आधार नहीं था। लेकिन दो मजबूत प्रादेशिक पार्टियों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। तभी उसने शिव सेना में विभाजन को डिजाइन किया और एनसीपी का विभाजन भी प्लान किया। दोनों पार्टियों के बंटने और कमजोर होने के बाद के पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीतीं।

उसके बाद पहले स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रदेश भर में ग्रामीण व शहरी इलाकों में 50 फीसदी सीटें हासिल की। शिव सेना के असर वाले इलाकों यानी महाराष्ट्र मेट्रोपोलिटन रीजन, एमएमआर में मुंबई उसने एक तरह से कब्जा कर लिया और ठाणे को छोड़ कर कल्याण डोंबिवली व उल्लासनगर में वह शिंदे सेना की बराबरी में रही। एमएमआर और कोंकण दोनों इलाके में उद्धव की पार्टी हाशिए पर चली गई। ऐसे ही पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद व अजित पवार के एक साथ लड़ने पर भी भाजपा ने उनको हरा दिया। विदर्भ में पहले से भाजपा का मजबूत आधार है। अब अजित पवार के नहीं रहने के बाद भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में अपना आधार बढ़ा सकती है। वह दोनों शिव सेना और दोनों एनसीपी को समाप्त करके या बहुत कमजोर करके महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी निर्णायक बढ़त स्थापित कर सकती है।

शरद पवार इस स्थिति को समझ रहे होंगे और वे परिवार के भीतर भाजपा की विस्तारवादी राजनीति से होने वाले संभावित नुकसान पर बात भी करेंगे। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को भी भाजपा की इस राजनीति का अंदाजा होगा। परंतु इन चारों प्रादेशिक पार्टियों के क्षत्रपों को यह भी अंदाजा होगा कि वे अकेले दम पर भाजपा की इस राजनीति का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन कांग्रेस के कमजोर होने से भी है।

कांग्रेस के पास अगर विलासराव देशमुख जैसा कोई करिश्माई और मजबूत नेता होता तो वह भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर सकता था। बहरहाल, अगले कुछ दिन महाराष्ट्र की राजनीति में उथलपुथल के रहेंगे और जब अजित पवार के असमय व दुखद निधन से उठा तूफान थमेगा तब दीर्घकालिक राजनीति की तस्वीर बननी शुरू होगी।

# एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक डरा हुआ!

**हरिशंकर व्यास**

कितनी गजब बात है। क्या दुनिया के किसी देश, किसी संसद में ऐसा हुआ जो पहली बात सदन के नेता को स्पीकर बोले कि आपको भाषण नहीं देना है। और प्रधानमंत्री डर कर राष्ट्रपति अभिभाषण का भी धन्यवाद न करे! इससे भी बड़ा वैश्विक रिकॉर्ड तो देश का प्रधानमंत्री चंद महिला सांसदों के शोर, उनके घेरने को अपने जीवन पर खतरा माने? राहुल गांधी से आंखे मिलाकर अपने समय के ही सेनापति की पुस्तक को लेने से घबराए!

और इससे भी अधिक शर्मनाक की राज्यसभा में विपक्ष की खाली बेंचों के आगे प्रधानमंत्री दहाड़े। राहुल गांधी के खानदान के कोसे, उन्हें गांधी के नाम का चोर बताए। अपने समर्थकों की गली में दहाड़ना और विपक्ष से भरी गली से दुबकना, भागना तो वैश्विक ताकत याकि चीन के शी जिनपिंग और अमेरिका के ट्रंप के आगे या तो घिग्घी बंधना, जबरदस्ती गले लगना या मौन रहना, अपमान सहना!

ओह! हिंदू राष्ट्र। भला क्यों 140 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री और एक सौ करोड़ हिंदुओं का रक्षक इतना डरा हुआ! फिर भी नगाड़ा मैं देश और हिंदुओं का रक्षक। मुझे ही विश्वास नही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार फरवरी को लोकसभा में इसलिए भाषण नहीं दिया क्योंकि उनको लग रहा था कि कुछ अप्रत्याशित घटित हो सकता है। और अपने मुंह से सीधा नहीं बोला। स्पीकर ने बोला कि उन्हें जो जानकारी मिली थी उस आधार पर उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि वे चार फरवरी को शाम पांच बजे लोकसभा में भाषण देने नहीं आएं। सो, प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया और उनके भाषण के बगैर, उनकी गैरहाजिरी में लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव पास हुआ। भारत का नया रिकॉर्ड बना।

सवाल है क्या स्पीकर को ऐसी सूचना मिली कि महिला सांसद या विपक्ष के दूसरे सांसद प्रधानमंत्री पर हमला कर सकते हैं? आखिर क्या अप्रत्याशित घट सकता था? इसकी निश्चित रूप से जांच होनी चाहिए। आखिर विपक्ष के चुने गए सांसदों पर बहुत गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। अगर इसमें सचाई है तो जांच करके कार्रवाई करनी चाहिए नहीं तो यह माना जाएगा कि सरकार विपक्ष के सांसदों की साख खराब करने की कोशिश कर रही है।

सोचें, अगर प्रधानमंत्री भाषण देने आ जाते और उनको भाषण देने से रोक दिया जाता तो क्या हो जाता? जैसे राहुल गांधी 46 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे और नहीं बोल पाए वैसे प्रधानमंत्री भी नहीं बोल पाते। लेकिन वे लोकसभा में जाकर सदन का सामना करते तो उनकी 56 इंच की छाती प्रमाणित होती। वे तो इसकी बजाय लोकसभा छोड़ कर राज्यसभा में चले गए। वहां उन्होंने विपक्षी के वाकआउट के बीच डेढ़ घंटे तक भाषण दिया।

सोचें, प्रधानमंत्री की सुरक्षा पर देश पांच सौ करोड़ रुपए से ज्यादा हर साल खर्च करता हैं। मतलब हर महीने 40 करोड़ रुपए से ज्यादा। यह स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप यानी एसपीजी का बजट है। पहले एसपीजी पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवार की सुरक्षा भी करती थी। लेकिन अब पूर्व प्रधानमंत्रियों के परिवार की एसपीजी सुरक्षा हटा दी गई है। एसपीजी अब सिर्फ प्रधानमंत्री की सुरक्षा करती है। एक व्यक्ति की सुरक्षा पर इतना रुपया खर्च होता है। फिर भी वह व्यक्ति अपने ही देश में, अपनी ही संसद में असुरक्षित महसूस करता है या खतरे से घबरा कर मैदान छोड़ देता है तो इसे क्या कहा जाएगा? क्या संसद में प्रधानमंत्री को सुरक्षित महसूस कराने के लिए वहां भी एसपीजी की तैनाती कराई जाए? क्या स्पीकर सदन के अंदर एसपीजी तैनात करें, प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास बुलेटप्रूफ केबिन बनवाएं या विपक्ष के सांसदों को बाहर निकाल कर हर बार प्रधानमंत्री का भाषण कराया जाए?

याद करें कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच जनवरी 2022 को पंजाब के दौरे पर थे और फिरोजपुर के कार्यक्रम में शामिल हुए बैगर वे वापिस लौटे थे। प्रधानमंत्री हुसैनीवाला शहीद स्मारक पर जाने के लिए निकले थे। मौसम खराब होने की वजह से वे सड़क के रास्ते जा रहे थे। एक फ्लाईओवर पर लोगों की भीड़ ने जाम लगा रखा था। वहां थोड़ी देर रूकने के बाद प्रधानमंत्री मोदी वापस लौट आए थे और बठिंडा हवाईअड्डे पर उन्होंने पंजाब के अधिकारियों से कहा था, अपने 'सीएम को थैंक्स कहना कि मैं बठिंडा एयरपोर्ट तक जिंदा लौट पायाझ्। सोचें, पंजाब के किसानों की नाराजगी थी और वे प्रदर्शन कर रहे थे। अपने ही लोगों के प्रदर्शन से घबरा कर प्रधानमंत्री वापस लौटे और ऐसा प्रकट किया, जैसे भीड़ उनकी जान लेने के लिए इका थी। और वे किसी तरह से जान बचा कर बठिंडा हवाईअड्डे तक पहुंचे।

सोचें, इतने मजबूत सुरक्षा बंदोबस्तों के बाद भी वे अपनी जान की रक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हैं तो देश के 140 करोड़ नागरिकों और एक सौ करोड़ हिंदुओं की रक्षा कैसे करेंगे? नरेंद्र मोदी ने बारह वर्षों में भारत के नागरिकों को, विपक्ष को, अपनी पार्टी–अपनी जमात को तरह तरह से डराकर कौम को डरपोक, कायर बनाया तो उससे इतनी हिम्मत तो बननी चाहिए कि वे अपनी ही लोकसभा में विपक्ष के आगे हिम्मत दिखाएं, आलोचना सुनें, प्रदर्शन–घेराबंदी को लोकतंत्र का हिस्सा मानें। यह तो न करें कि स्पीकर की आड़ ले कर संसद की भी कर्तव्य पालना न करें।

# अरी अर्जुनन अभिनीत फिल्म फोर्थ फ्लोर 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

निर्माता निर्देशक एल.आर. सुंदरपंडी की बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म, फोर्थ फ्लोर, जिसमें अभिनेता अरी अर्जुनन मुख्य भूमिका में हैं, ने अब घोषणा की है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए प्रमाणपत्र के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है और अब यह फिल्म इस साल 27 फरवरी को दुनिया भर में स्क्रीन पर रिलीज होगी।



घोषणा करने के लिए अरी अर्जुनन ने अपनी एक्स टाइमलाइन का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, फोर्थ फ्लोर सेंसर्ड – यू/ए सर्टिफिकेट। 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज।

मनो क्रिएशन्स के तहत ए राजा द्वारा प्रोड्यूस और एल.आर. सुंदरपांडी द्वारा डायरेक्ट की गई यह फिल्म, एक अनोखी थ्रिलर है, जिसकी कहानी एक असाधारण माहौल में सेट है। कहानी चेन्नई के बीचो–बीच एक रिहायशी बिल्डिंग में कई रोमांचक घटनाओं के बीच सामने आती है। यूनिट के सूत्रों का कहना है कि डायरेक्टर एल.आर. सुंदरपांडी ने एक ऐसी स्क्रीनप्ले लिखी है जो चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरी है और जो दर्शकों को एक अनोखा थ्रिलर अनुभव देने की गारंटी देती है।

सूत्रों ने बताया कि एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर के तौर पर, यह फिल्म सपनों और हकीकत के बीच जटिल कनेक्शन को दिखाने की कोशिश करेगी और यह भी बताया कि फिल्म की यूनिट ने अब पूरी शूटिंग प्रोसेस पूरी कर ली है।

# टी—20 विश्व कप 2026: सुनील गावस्कर ने सुपर—8 प्रणाली के लिए किया आईसीसी का बचाव

नईदिल्ली,भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी–20 विश्व कप 2026 के सुपर–8 चरण के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा अपनाई गई पूर्व–सीडिंग प्रणाली का बचाव किया है। इस प्रारूप को लेकर सोशल मीडिया पर आईसीसी की व्यापक रूप से आलोचना की गई है, क्योंकि इसमें चारों ग्रुप की शीर्ष टीमों को ग्रुप–1 और दूसरे नंबर की टीमों को ग्रुप–2 में रखा गया है। इस व्यवस्था से ग्रुप ऑफ डेथ की स्थिति बन गई है।



गावस्कर ने आलोचना के समय पर सवाल उठाते हुए पूछा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ऐसी चिंताएं क्यों नहीं उठाई गईं। उन्होंने कहा, इसे अब क्यों उठाया जा रहा है? टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस पर चर्चा क्यों नहीं हुई? पूर्व क्रिकेटर ने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा और सीमा शुल्क निकासी संबंधी समस्याओं के कारण आईसीसी द्वारा टीमों को पूर्व–क्रमबद्ध करने के निर्णय का एक कारण लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियां हो सकती हैं। गावस्कर ने दो देशों में इस तरह के टूर्नामेंट के आयोजन में आने वाली रसद संबंधी जटिलताओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा, आव्रजन और सीमा शुल्क, इन सभी चीजों का टूर्नामेंट के प्रारूप में पूरा ध्यान रखना पड़ता है। हर टीम में लोगों या सहायक कर्मचारियों की संख्या समान नहीं होती, जिससे होटल बुकिंग के साथ उनकी पसंद की रसद सामग्री समेत अन्य व्यवस्थाएं करना और भी जटिल हो जाता हैं।

आईसीसी ने अपने प्री–सीडिंग मॉडल का बचाव करते हुए इसे एक लॉजिस्टिकल आवश्यकता बताया है, जिससे प्रसारकों और आयोजकों को यात्रा व्यवस्था, आयोजन स्थलों और प्राइम–टाइम मैच शेड्यूल को महीनों पहले अंतिम रूप देने में मदद मिलती है। हालांकि, इस निर्णय से टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धात्मक असंतुलन पैदा हो रहा है। ग्रुप चरण की शीर्ष और दूसरे नंबर की टीमों के अलग–अलग ग्रुप होने से प्रमुख टीमों का सफर जल्द समाप्त होगा।

## मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया दिल धोखा और डिजायर में अपना किरदार : आकांक्षा चमोला





एक्ट्रेस और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ओटीटी डेब्यू कर चुकी हैं। स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म शेमारू मी की वेब सीरीज दिल धोखा और डिजायर में वह खास अंदाज में नजर आईं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। आकांक्षा ने बताया कि वह सही समय का इंतजार कर रही थीं। दिल धोखा और डिजायर से डिजिटल डेब्यू कर रहीं आकांक्षा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है और कहा है कि वह अपने काम के चुनाव को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं।

आकांक्षा ने बताया, अपनी जर्नी के इस मोड़ पर ओटीटी स्पेस में कदम रखना बहुत खास लग रहा है। मैंने इस वेब सीरीज में बहुत मेहनत, पैशन और प्यार डाला है। उम्मीद है कि दर्शक मालिनी और उनकी जर्नी को उतनी ही प्यार से अपनाएंगे। सीरीज में आकांक्षा मालिनी का किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का केंद्र है। मालिनी मजबूत होने के साथ कमजोर भी है, हिम्मत वाली है लेकिन उलझनों में भी फंसी है।

## ओ रोमियो का नया गाना जलवा जारी

शाहिद कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'ओ रोमियोझ् सिनेमाघरों में दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'जलवाझ् जारी कर दिया है, जो अपने तीव्र संगीत और जोशीले अंदाज के कारण चर्चा में है। इस गाने के बोल मशहूर गीतकार गुलजार ने लिखे हैं, जबकि इसे आवाज सोबा सिंह सितारा ने दी है। संगीत निर्देशन विशाल भारद्वाज का है। 'जलवाझ् की धुन दमदार और ऊर्जावान है, जो फिल्म की कहानी के भावनात्मक और तीखे मोड़ों को और प्रभावशाली बनाती है। गाने में संगीत और शब्दों का संयोजन दर्शकों को तुरंत आकर्षित करता है।

## इंग्लैंड ने श्रीलंका पर टी20 में दर्ज की लगातार 12वीं जीत



नईदिल्ली,इंग्लैंड ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में 51 रन से हराया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की पूरी टीम 16.4 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने इस तरह श्रीलंका के खिलाफ टी20 में लगातार 12वीं जीत दर्ज की। श्रीलंका की बल्लेबाजी इस मैच में इस कदर खराब रही कि पांच बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सके और दो बल्लेबाज खाता खोले बिना ही आउट हुए।

शनाका ने बनाए सबसे ज्यादा रन

श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान दासुन शनाका ने बनाए जो 30 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, कामिंदु मेंडिस ने 13, दुनिथ वेलालागे ने 10 और महीश तीक्ष्णा ने नाबाद 10 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए विल जैक्स ने तीन विकेट झटके, जबकि जोफ्रा आर्चर, लियाम डावसन और आदिल राशिद को दो–दो विकेट मिले। वहीं जैमी ओवरटन को एक विकेट मिला।

**आर्चर—जैक्स ने पलटा पासा**

आर्चर और ऑफ स्पिनर ऑलराउंडर जैक्स ने हालांकि मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। दोनों ने पावरप्ले में कहर बरपाते हुए छठे ओवर तक श्रीलंका का स्कोर पांच विकेट पर 34 रन कर दिया। श्रीलंकाई टीम इससे उबर नहीं पाई और 100 रन से भी कम के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

**सॉल्ट की पारी ने इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचाया**

मैच में सॉल्ट की छह चौके और दो छक्के जड़ित पारी निर्णायक साबित हुई। इंग्लैंड की बल्लेबाजी इस मुकाबले में अच्छी नहीं रही है और टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। इंग्लैंड के लिए सॉल्ट ने 40 गेंदों पर 62 रन बनाए जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। टूर्नामेंट में पहली बार पावरप्ले को पार करने वाले सॉल्ट ने इस बीच कुछ आकर्षक शॉट लगाए।

## एक नजर

### उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश की अंतिम तिथि 26 फ़रवरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने शीतकालीन सत्र मे प्रवेश की अंतिम तिथि को 26 फ़रवरी 2026 तक विस्तारित किया है उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय क़े अध्ययन केंद्र पीजी कोलेज कोटद्वार की समन्वयक डॉ राखी डिमरी ने जानकारी देते हुये बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

### सनातन की एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति

पिथौरागढ़। नाचनी खेल मैदान में सकल हिन्दू समाज की ओर से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। रविवार को महिलाओं ने ढोल नगाडों के साथ पारंपरिक कुमाउंनी वेशभूषा में क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली। रविवार को नाचनी के खेल मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर आरएसएस के विभाग शारीरिक प्रमुख नवीन चंद्र शर्मा मौजूद रहे। वक्ता शर्मा ने कहा कि हिन्दू समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़कर एकजुट रहने की आवश्यकता है। एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

समाज को संगठित और जागरूक होकर अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करनी होगी। युवाओं से सनातन मूल्यों को अपनाने और समाज में सद्भाव बनाए रखने,धर्म, संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने की अपील की। मुख्य अतिथि योगानन्द ने कहा संस्कारों की पहली पाठशाला परिवार होता है।

कार्यक्रम का संचालन भुवन चौसाली ने किया। इस मौके पर डीडीहाट जिला प्रचारक गणेश ,तहसील प्रचार कमल, जिला प्रचार प्रमुख अर्जुन सिंह रावत, कार्यक्रम संयोजक भरत चुफाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### गोली लगने से घायल जूता कारोबारी की इलाज के दौरान मौत

रुद्रपुर। जूता कारोबारी 63 घंटे तक जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ने के बाद आखिर हार गया। रविवार को उसने रुद्रपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। गुरुवार रात करीब दस बजे सिविल लाइंस स्थित 'शू विला' शोरूम के स्वामी 25 वर्षीय ध्रुव चावला अपने ही प्रतिष्ठान में संदिग्ध रूप से गोली चलने से घायल हो गए थे। गोली उनकी कनपटी में लगी थी और पास में ही एक अवैध पिस्टल और चार कारतूस भी पड़े हुए थे। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें हायर सेंटर कर दिया गया था। परिजन ध्रुव को मैक्स अस्पताल गुरुग्राम ले गए। लंबा समय बीत जाने के बाद भी जब उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो चिकित्सकों ने परिजनों से उन्हें घर ले जाने को कहा, लेकिन मां का दिल नहीं माना।

वह कॉर्डियक एंबुलेंस में बेटे को लेकर रुद्रपुर पहुंची और यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार दोपहर ध्रुव ने दम तोड़ दिया। एसएसआई केसी आर्य ने बताया कि शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं युवा व्यापारी की मौत की सूचना पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने मामले में हर तरह के सहयोग की बात कही और सीओ प्रशांत कुमार से फोन पर वार्ता कर मामले में उचित जांच की मांग की है।

### श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट ने कराया 11 निर्धन कन्याओं का विवाह

रुद्रपुर। श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट और जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से छठा सामूहिक विवाह समारोह हुआ। जिसमें 11 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। रविवार को महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ट्रस्ट के संस्थापक देवेंद्र सिंह, ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व धार्मिक हस्तियों ने समारोह में पहुंचकर नव दम्पत्तियों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया। सिख जोड़ों का गुरद्वारा साहिब में व हिन्दू जोड़ों का मंदिरों में रीति रिवाज से फेरे कराये गए। दुल्हन पक्ष के परिजनों, रिश्तेदारों व क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा कर दूल्हा पक्ष का स्वागत किया और फिर जयमाला हुई। श्री गुरु तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट और जिंदगी जिंदाबाद समिति की ओर से परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़ों को गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रीत बॉबी भाटिया ने किया।

# न पैराफिट न संकेतक, हाईव पर बना दुर्घटनाओं का खतरा

## कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य हाईवे में सुरक्षा को लेकर लापरवाह सिस्टम,संकेतक व पैराफिट नहीं होने से बढ़ रहा दुर्घटनाओं का अंदेशा



कोटद्वार दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर खाई में झाड़ियों के बीच गिरा संकेतक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः सरकारी सिस्टम आमजन की जिंदगी को लेकर कितना लापरवाह है, इसका उदाहरण कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर देखने को मिल रहा है। जहां 15 किलोमीटर के सफर में न ही राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे संकेतक नजर आ रहे हैं और न ही की पैराफिट दिखाई दे रहा है। हाईवे पर लगातार बढ़ते हादसों के बाद भी सरकारी सिस्टम ने व्यवस्थाओं में सुधार की सुध नहीं ली। जबकि, हाईवे पर हाथियों की भी धमक बनी रहती है।

वर्ष 2023 की अतिवृष्टि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया था। हाईवे पर बीस से अधिक डेंजर जोन बन गए थे। साथ ही कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा खोह नदी में समा गया था। ऐसे में कुछ माह पूर्व ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने धरासाई हुए पुश्तों की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया। साथ ही दो वर्षों से आमसौड़ के समीप क्षतिग्रस्त पुलिया की भी मरम्मत करवाई गई। लेकिन, अब भी हाईवे पर दस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। कई स्थानों पर वर्षा थमने के बाद भी पहाड़ी से पत्थर गिरने का डर बना हुआ है। ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग डेंजर स्थानों के समीप सड़क पर संकेतक व पैराफिट लगाता। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने इसकी कोई सुध नहीं ली। नतीजा, हाईवे से आवागमन करने वालों को आगे आने वाले डेंजर जोन का पता नहीं चल पता। जिसके कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। कई वर्ष पूर्व लगाए गए संकेतक भी सड़क किनारे झाड़ियों में टूटकर गिरे हुए हैं। सिस्टम ने इन्हें दोबारा खड़ा करने की सुध नहीं ली।

**अब तक हुए हादसे**

1. 23 नवंबर को कोटद्वार दुगड्डा के मध्य आमसौड़ के समीप एक डंपर खाई में गिर गया था। जिसमें, चालक की मौत हो गई थी

2. चार अगस्त को कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य तिलबाढांग के समीप पहाड़ी से एक बोल्डर मैक्स के ऊपर गिर गया था। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, हादसे के बाद सिस्टम ने उक्त स्थान पर पहाड़ी से पत्थर गिरने का संकेतक लगा दिया था।

3. गत वर्ष जून माह में ही आमसौड़ के समीप सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गया था। जिसमें डंपर में सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी।

4. गत वर्ष लालपुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खोह नदी में गिर गई थी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई थी।

5. दुगड्डा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी, जिसमे नगीना तहसील में तैनात लेखपाल सहित दो युवकों की मौत हो गई थी।

# पानी के कनेक्शन को लेकर प्रधान व शिक्षक में हुआ विवाद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** जूनियर हाईस्कूल उमरेला में पानी के कनेक्शन को लेकर ग्राम प्रधान व शिक्षकों में विवाद हो गया। मामले दोनों पक्षों ने शासन-प्रशासन से शिकायत की है।

ग्राम प्रधान संगीता देवी ने बताया कि जूनियर हाईस्कूल उमरेला में वर्षों पूर्व पानी का कनेक्शन लगाया गया था। लेकिन, प्राइमरी स्कूल उमरेला में पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में वहां पढ़ने वाले वाले विद्यार्थी घर से ही पानी लेकर आते हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों के लिए मिड-डे मिल बनाने में होती है।

ऐसे में कुछ दिन पूर्व गांव में एक खुली बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्राइमरी स्कूल में जूनियर हाईस्कूल से कनेक्शन लिया जाएगा। इसके लिए जल संस्थान के अधिकारियों ने मौका का मुआयना भी कर लिया था। बताया कि विभागीय कर्मचारी जूनियर हाईस्कूल में पानी का कनेक्शन लेने के लिए गए तो वहां मौजूद शिक्षक उनसे अभद्रता करने लगे। प्रधान का आरोप है कि शिक्षकों ने उनसे भी अभद्रता की। साथ ही स्कूल से पानी का कनेक्शन नहीं लेने की चेतावनी तक दे डाली। इससे स्कूली बच्चों के सामने उनकी छवि धूमिल हुई है। वहीं, मामले में शिक्षक विपिन चौहान की ओर से मुख्य शिक्षा अधिकारी को पत्र दिया गया है। जिसमें उन्होंने प्रधान पति सहित अन्य लोगों पर विद्यालय में आकर धमकी देने का आरोप लगाया है। कहा कि इससे उनकी छवि धूमिल हुई है।

### आत्महत्या मामले में कॉलर युवती पर केस

रुद्रपुर। अजीत कुमार आत्महत्या प्रकरण में उसे फोन करने वाली युवती के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खुरपिया गेट वार्ड-1 निवासी कमलेश पत्नी रामसहाय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 फरवरी को उनका पुत्र अजीत कुमार घर में अकेला था।

# चौखुटिया में पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों के जाने हालचाल

अल्मोड़ा। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और कुशलक्षेम जानने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन भल छौ' के तहत कोतवाली चौखुटिया पुलिस ने क्षेत्र में अकेले रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस ने उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में निवास कर रहे एकल बुजुर्गों का विवरण संकलित करने और समय-समय पर उनसे संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चौखुटिया अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंचकर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्हें बीट अधिकारी और कोतवाली के संपर्क नंबरों के साथ ही आपातकालीन हेल्पलाइन 112 की जानकारी दी गई। पुलिस ने बुजुर्गों से कहा कि स्वास्थ्य या किसी अन्य प्रकार की समस्या होने पर वे तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। अपने घर पर पुलिस को देख और सहयोग का भरोसा मिलने पर बुजुर्गों ने खुशी जताई और पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### जंगलों की सुरक्षा का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति ने वनों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कहा कि वनाग्धि जैसी घटनाएं रोकने के लिए समिति अभियान चलाएगी। आयोजित बैठक में अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। ऐसे में जंगलों की सुरक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। आमजन को जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए समिति की ओर से गांव-गांव जाकर गोष्ठी करवाई जाएगी। बैठक में लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर एक बैठक करने का भी निर्णय लिया गया। कहा कि इस बैठक में कई वैज्ञानिक व जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इस मौके पर प्रमोद डोबरियाल, अशोक नेगी, उममानंद बड़ोला, प्रकाश हेमदान, बहादुर सिंह, सुनील नेगी, मुकेश बड़थ्वाल आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला



झंडाचौक में प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः देहरादून में शिक्षा निदेशालय में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल से हुई मारपीट के मामले में कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि भाजपा विधायक उमेश शर्मा के समर्थकों ने अधिकारी के मारपीट की। इससे पता चलता है कि उत्तराखंड बेहतर नेताओं के हाथ में नहीं है। कहा कि अधिकारी के साथ मारपीट करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

रविवार को कांग्रेस ने झंडाचौक के समीप प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि भाजपा नेता सत्ता के नशे में इतने चूर हो चुके हैं कि वह अधिकारियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि भाजपा नेताओं के मन में कानून का कोई भय नहीं रह गया है। कहा कि रायपुर के विधायक उमेश शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल के कार्यालय में जाकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। यहीं नहीं आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे डाली। कहा कि भाजपा शासन में उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आज न तो अधिकारी सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक। वक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की, साथ ही दोषी विधायक उमेश शर्मा काऊ और उनके समर्थकों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई व सख्त सजा की मांग उठाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। इस मौके पर प्रवीण रावत, साबर सिंह नेगी, डा.चंद्रमोहन खर्कवाल, विजय नारायण सिंह, बलबीर सिंह रावत, सुधा असवाल, विनीता भारती, धीरेंद्र बिष्ट, सुनील सेमवाल, राकेश शर्मा, सुदर्शन सिंह रावत, कृपाल सिंह नेगी, सूरज प्रसाद कांति, अमित राज सिंह, बृजपाल सिंह, राजीव कपूर, गोपाल गुसांई, राजा आर्य, हेमचंद्र पंवार मौजूद रहे।

# संत निरंकारी मिशन ने नदी में चलाया स्वच्छता अभियान



खोह नदी में स्वच्छता अभियान चलाते निरंकारी मिशन के लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः आम जन को स्वच्छ जल के प्रति जागरूक करने के लिए संत निरंकारी मिशन की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए संत निरंकारी मिशन ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों व नगर निगम की मदद से खोह नदी में स्वच्छता अभियान चलाया। जगह-जगह फैले कूड़े को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता का भी संदेश दिया गया। रविवार सुबह गिवईस्रोत पुल के समीप खोह नदी में चले अभियान का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया। उन्होंने लोगों को नदियों को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि नदियां मानव जीवन के लिए अमूल्य उपहार हैं। इनके संरक्षण के बिना हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। अभियान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व नगर निगम ने भी अपना सहयोग दिया। सुबह बड़ी संख्या में शाखा के लोग गिवईं स्रोत पुल के समीप एकत्र हुए व खोह नदी में फैली गंदगी को एकत्रित किया। अभियान के दौरान आसपास के लोगों को भी स्वच्छता का संदेश दिया गया। कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ भारत निर्माण के लिए हमें स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आमजन से प्लास्टिक व पालिथिन का उपयोग बंद करने की भी अपील की गई। कहा कि इससे धरती को सबसे अधिक नुकसान होता है। कहा कि इस तरह की अभियान से समाज में जागरूकता फैलती है। समय-समय पर हमें इस तरह के अभियान चलाते रहना चाहिए।

### आधारभूत सुविधा व शैक्षिक विकास पर चर्चा हुई

पिथौरागढ़। धारचूला नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय निगालपानी में विद्यालय प्रबंधन समिति की द्वितीय बैठक सम्पन्न हुई। रविवार को हुई बैठक में विद्यालय की शैक्षिक प्रगति, उपलब्धियों, विद्यार्थियों की संख्या, स्टाफ की रिक्तियों, छात्राओं की सुविधा के लिए सेनेटरी पैड वितरण मशीन लगाने, दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, विद्यार्थियों के लिए दरियां उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। प्राचार्य राहुल देव ने विद्यालय भवन में रंग-रोगन, फर्नीचर की मरम्मत, छात्र शौचालयों की मरम्मत व अन्य आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर अध्यक्ष का आभार जताया। बैठक में परियोजना प्रमुख व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एम कन्नन, मो. आजम खान, हेमलता धामी, निशाली देवी, अनामा चरना बेहरा, मलिक राम बंजारे, कृष्णा कुंवर, नीरज सिंह मौजूद रहे।

# शिक्षक संगठनों ने मारपीट की घटना पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः देहरादून प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक प्रारंभिक शिक्षक से हुई मारपीट की घटना पर शिक्षक संगठनों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि अधिकारी के साथ हुई घटना निंदनीय है।

आयोजित बैठक में शिक्षक संघ सहित अन्य लोगों ने घटना पर रोष व्यक्त किया। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की शाखा नैनीडांडा स्थित बीआरसी सभागार में शिक्षकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर घटना का विरोध किया। कहा कि इस तरह का माहौल प्रदेश में ठीक नहीं है। विधायक व उनके समर्थकों ने कार्यालय में घुसकर मारपीट करने के साथ ही सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। प्रदेश सरकार को मामले से संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर हर्षवर्धन सिंह नेगी, मुकेश कुमार, रमाकांत ध्यानी, राजेंद्र रावत, डबल सिंह, चमन गिरी, सुनीता ध्यानी, अतुल कृष्णा मौजूद रहे। उधर प्रखंड एकेश्वर क्षेत्र के माध्यमिक शिक्षक संघ व जूनियर शिक्षक संघ ने भी घटना पर आक्रोश जताया। कहा कि जनप्रतिनिधि का यह बर्ताव ठीक नहीं है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी डा. गुंजन अमरोही, संजीव थपलियाल, महेंद्र सिंह रौतेला, जूनियर शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नेगी, यतींद्र धस्माना, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार, हिम्मत सिंह राणा मौजूद रहे।

# होली पर सख्ती, खाद्य पदार्थों के लिए सेंपल



कोटद्वार में अभियान चलाते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** होली त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से शहर में अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने दूध, दही, मावा, मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सेंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजा। विभाग की ओर से झंडाचौक, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य क्षेत्र में स्थित रेस्टोरेंट, होटल व मिठाई की दुकानों में छापेमारी की। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्र ने बताया कि अभियान के दौरान दूध, मावा, पनीर, दही, गुझिया, कलांद, मिल्क केम, बेसन के लड्डी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सेंपल लिए गए। इस दौरान ग्राहकों भी खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि ग्राहक खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थ न खरीदें। किसी भी तरह की मिलावट की शिकायत विभागीय अधिकारियों को दें। साथ ही रेस्टोरेंट संचालकों को सफाई के लिए भी जागरूक किया गया। कहा कि किसी भी रेस्टोरेंट में गंदगी मिलने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मार्ग को एलीवेटेड बनाने के लिए धरना जारी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग को एलीवेटेड बनाने की मांग को लेकर लोगों का धरना रविवार को भी जारी रहा। लोगों ने सरकार से जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई। कहा कि मार्ग के बेहतर बनने से ही क्षेत्र का बेहतर विकास होगा।

रविवार को लोगों ने सरकार से मार्ग को एलीवेटेड बनाने की मांग उठाई। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग अति महत्वपूर्ण है। 12 फरवरी को न्यायालय ने मोटर मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी। लेकिन, मार्ग पर व्यवसायिक वाहनों के आवागमन पर अब भी संशय बना हुआ है। कहा कि क्षेत्रवासी चाहते है कि मार्ग को एलिवेट-ेड बनाकर इसे व्यवसायिक वाहनों के लिए खोला जाएं। मार्ग के बेहतर निर्माण से ही आमजन को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही इससे क्षेत्र में बंद पड़ा विकास का पहिया भी तेजी से घूमेगा। मार्ग निर्माण से जहां सिगड्डी के व्यापार को गति मिलेगी, वहीं कण्वाश्रम को भी नई पहचान मिलेगी। कहा कि सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। जब तक आमजन की समस्या का निराकरण नहीं होता वह आंदोलन में डटे रहेंगे।

# बेहतर राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी जरूरीः सीडीएस



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः देश के सीडीएस जनलर अनिल चौहान श्रीनगर गढ़वाल के दौरे पर पहुंचे हैं। सीडीएस ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के चौरास परिसर में एनसीसी कैडेड द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर ग्रहण किया। वह अपनी पत्नी अनुपमा चौहान के साथ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हैं। हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रक्षा स्टाफ प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल वर्दीधारी अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामरिक सोच को जन-जन तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति व्यापक जन-जागरूकता विकसित हो सके। अपने उद्बोधन में सीडीएस ने कहा कि वे सदैव स्वयं को एक विद्यार्थी मानते हैं और जीवन में सरलता को अपनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा, सादगी ही जीवन में सबसे बड़ी तरक्की है। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि पचास वर्षों से अधिक की यात्रा में संस्थान ने सही दिशा, गति और कठोर परिश्रम के बल पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मुंबई में आयोजित सम्मेलन में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त स्थानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे निरंतर परिश्रम का परिणाम बताया।उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति एवं समस्त फैकल्टी को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों के सपनों को साकार करने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत में स्ट्रैटेजिक कल्चर यानी रणनीतिक संस्कृति को लेकर जो भ्रांतियाँ हैं, उन्हें दूर करने की आवश्यकता है। रक्षा और सुरक्षा के मुद्दों पर व्यापक सार्वजनिक विमर्श होना चाहिए। उन्होंने उत्तराखंड को देवभूमि और सैन्यभूमि दोनों बताते हुए कहा कि राज्य इन दोनों पहचान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति का उल्लेख करते हुए बताया गया कि हाल के समय में 74 शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भारत सरकार के समक्ष लगभग 450 करोड़ रुपये के पाँच प्रोजेक्ट प्रस्तावित किए गए हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें राज्य एवं केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। डिस्टेंस एजुकेशन कार्यक्रम प्रारंभ करने की दिशा में भी कार्य प्रगति पर है। विश्वविद्यालय द्वारा गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के साथ जूनियर लेवल डिफेंस मैनेजमेंट डिप्लोमा के लिए समझौता किए जाने की जानकारी भी दी गई। साथ ही अन्य सैन्य संस्थानों के साथ अकादमिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया, जिसमें विभिन्न विभागों के शोधार्थियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामरिक विषयों पर अपने प्रश्न रखे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

रुद्रपुर। थाना बहेड़ी यूपी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-74 सितारगंज-किच्छा मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक समेत फरार हो गया। बहेड़ी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह तीन बाइकों पर सवार छह लोग उत्तमनगर (किच्छा) स्थित फार्म में पॉपुलर की पौध लगाने जा रहे थे। सिरसा मोड़ के पास लोगों द्वारा तोड़कर बनाए गए अवैध कट से मुड़ते समय सितारगंज की ओर से आ रहे कैंटर के नीचे आने से 55 वर्षीय सुशांत गाईन निवासी शक्तिफार्म की कुचलकर मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठे नांटू मजूमदार ने बताया कि वह सिरसा मोड़ पर बाइक से उतर गए थे। सूचना पर पहुंची यूपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी के 65 बूथों पर सुनी गई पीएम मोदी की 'मन की बात'

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर रविवार को मसूरी मंडल में खासा उत्साह देखने को मिला। मंडल के सभी 65 बूथों पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ–साथ स्थानीय लोगों और बड़ी संख्या में पर्यटकों ने शिरकत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के प्रति प्रेरित किया। कुलड़ी बाजार स्थित बूथ संख्या 156 में मंडल उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सेमवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के दूर–दराज के इलाकों में हो रहे रचनात्मक कार्यों और जनभागीदारी की कहानियों को सामने लाकर समाज में नई ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी युवाओं और किसानों समेत हर वर्ग को ध्यान में रखकर प्रेरणादायक विचार साझा करते हैं, जिससे हर बार कुछ नया सीखने को मिलता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने बताया कि मसूरी के 65 बूथों पर इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि शहर में घूमने आए पर्यटकों ने भी कार्यक्रम में रुककर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। इस मौके पर प्रदीप सिगरोहा, विपिन चौहान, अनुज, शक्ति प्रधान, विजेंद्र मेहर और मनोज समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार परिवार को मारी टक्कर

देहरादून। तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। बीते 18 फरवरी को हुए हादसे में स्कूटी चला रहे व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं हैं और उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। देवांचल विहार (राजीव नगर) निवासी आलेंद्र सिंह (42) ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि घटना के दिन दोपहर करीब पौने तीन बजे वह अपनी पत्नी रीना देवी (35) और दो वर्षीय बेटी आयरा के साथ स्कूटी से बड़ोवाला जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही बलेनो कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। आरोपी चालक कार समेत वहां से भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से आलेंद्र सिंह को को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चला। पीड़ित ने शनिवार को पुलिस को तहरीर दी। इंस्पेक्टर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुराना मोबाइल बेचना पड़ा महंगा, खाते से उड़े 1.70 लाख

देहरादून। विद्या विहार, कारगी रोड निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1.70 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। पीड़ित का आरोप राज प्लाजा के एक मोबाइल दुकान संचालक पर है। जिसे पीड़ित ने हाल में अपना पुराना फोन बेचा और नया खरीदा था। पीड़ित की शिकायत पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाल हरिओम राज चौहान ने बताया कि पुनीत कुमार (43 वर्ष) ने बीते नौ फरवरी को राज प्लाजा स्थित न्यू नाइन टेलीकॉम के संचालक काशिफ नेहाल को अपना पुराना फोन देकर नया फोन खरीदा था। 15 फरवरी की दोपहर पुनीत के आईडीबीआई और केनरा बैंक के खातों से धड़ाधड़ पैसे कटने के मैसेज आने लगे। यूपीआई के जरिए जगदेव एजेंसीज, सुशील कुमार और ई–कॉमर्स ऐप ब्लिंकिट पर कई ट्रांजेक्शन कर कुल 1,70,858 रुपये उड़ा लिए। पीड़ित को शक है कि दुकानदार ने ही उनके पुराने फोन के डेटा या बैंकिंग ऐप्स का गलत इस्तेमाल कर इस घटना को अंजाम दिया है या किसी अन्य से करवाया है।

### नर्सिंग भर्ती को लेकर 80 दिन से धरना जारी, विधायक को ज्ञापन

देहरादून। उत्तराखंड में वर्षवार नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर नर्सिंग एकता मंच का आंदोलन तेज होता जा रहा है। रविवार को अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन 80वें दिन में प्रवेश कर गया। इस बीच, आंदोलनरत नर्सिंग अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खानपुर विधायक उमेश कुमार से मुलाकात कर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

विधायक को बताया कि राज्य में नियमित रूप से भर्ती आयोजित न होने के कारण हजारों प्रशिक्षित युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। अभ्यर्थियों ने मांग की कि नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया को प्रत्येक वर्ष समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए।

## सीएम धामी ने किया संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में संस्कृत छात्र प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने गार्गी बालिका संस्कृत छात्रवृत्ति, डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति संस्कृत छात्रवृत्ति भी विद्यार्थियों को प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र एवं ई–संस्कृत संभाषण शिविर का वर्चुअल शुभारंभ और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय के त्रैमासिक पत्र संस्कृत वार्ता का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड की पहचान ऊँचे पर्वतों और ऐतिहासिक मंदिरों से ही नहीं, बल्कि ज्ञान और आस्था की भाषा देववाणी संस्कृत से भी है। वेदों से लेकर उपनिषदों तक, रामायण से लेकर महाभारत तक, आयुर्वेद से लेकर खगोलशास्त्र तक, गणित से लेकर दर्शनशास्त्र तक हमारे ज्ञान की जड़ें संस्कृत में ही निहित हैं। संस्कृत हमारे अतीत की स्मृति मात्र नहीं, बल्कि हमारे भविष्य की संभावना भी है। संस्कृत की सबसे बड़ी विशेषता इसका वैज्ञानिक व्याकरण है। पाणिनि द्वारा रचित अष्टाध्यायी आज भी विश्व के भाषाविदों के लिए आश्चर्य का विषय है। आज विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में संस्कृत की वैज्ञानिकता पर विभिन्न प्रकार के शोध किए जाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में संस्कृत को आधुनिक और व्यवहारिक भाषा के रूप में स्थापित करने के विशेष प्रयास किए गए हैं। संस्कृत साहित्य को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध कराया जा रहा है। एआई के माध्यम से संस्कृत ग्रंथों को नए स्वरूप में सबके सामने रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से संस्कृत अध्ययन और शोध का केंद्र रही है। राज्य में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। सभी जनपदों में आदर्श संस्कृत ग्रामों की स्थापना की गई है। उत्तराखंड में संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। राज्य में पहली बार 'गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना' की शुरुआत की गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के माध्यम से अखिल भारतीय शोध सम्मेलन, अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन, अखिल भारतीय वेद सम्मेलन, अखिल भारतीय संस्कृत कवि सम्मेलन, संस्कृत शिक्षक कौशल विकास कार्यशाला और संस्कृत

## एआई सम्मेलन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन पर भड़का भाजयुमो

देहरादून। दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विदेशी मेहमानों के समक्ष अर्धनग्न होकर किए गए प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को भाजयुमो मसूरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह चौक पर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और ग्रीन चौक तक जुलूस निकाला। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सचिन पंवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर कांग्रेस की इस हरकत की कड़ी निंदा की। सचिन पंवार ने कहा कि एआई समिट किसी पार्टी का नहीं बल्कि पूरे देश का कार्यक्रम था, जिसमें विश्वभर के तकनीकी दिग्गज और 600 से अधिक स्टार्टअप शामिल हुए थे। राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर जो 'नंगा नाच' किया, उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को ठेस पहुंची है। भाजयुमो अध्यक्ष ने कांग्रेस को देश विरोधी पार्टी करार देते हुए कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस इतनी गिर गई है कि वह विदेशी मित्र देशों के सामने ऐसी अमर्यादित हरकतें कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस शर्मनाक कृत्य के लिए कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। इस मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, विजय बिंदवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष जगजीत कुकरेजा, आशीष जोशी, सोबन मेहरा और पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष प्रीतम पिंटू सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अंगदान की प्रक्रिया होगी और मजबूत, दून मेडिकल कॉलेज में जुटी विशेषज्ञों की टीम

देहरादून। राजकीय दून मेडिकल कॉलेज (जीडीएमसी) में शनिवार को अंगदान और प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोटो उत्तराखंड और मोहन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने राज्य में मृतक अंगदान (कैडेवर डोनेशन) की दर बढ़ाने और कानूनी बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। ब्रेन डेथ की पहचान और समन्वय पर जोर कार्यशाला का उद्घाटन डीजी हेल्थ डॉ. शिखा जनपंगी, डॉ. प्रीति पंत, डीएमई डॉ. अजय आर्य, अपर निदेशक डॉ. आर.एस. बिष्ट और जीडीएमसी के प्राचार्य व सोटो के नोडल अधिकारी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अंगदान के लिए अस्पतालों और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय अनिवार्य है। एम्स दिल्ली के डॉ. दीपक गुप्ता ने ब्रेन स्टेम डेथ की पहचान और डोनर के रखरखाव पर तकनीकी जानकारी दी, जबकि मोहन फाउंडेशन की पल्लवी कुमार ने मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम के कानूनी पहलुओं को समझाया। काउंसलिंग और पुलिस समन्वय की भूमिका कार्यशाला में 'ब्रेकिंग बैड न्यूज' सत्र के माध्यम से बताया गया कि अंगदान के लिए शोक संतप्त परिवारों की काउंसलिंग कैसे की जाए। विशेषज्ञों ने आईसीयू टीम, पुलिस और मीडिया के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अंगदान की प्रक्रिया पारदर्शी और त्वरित हो सके।

## देहराकैंट में कई युवा कांग्रेस में शामिल

देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में रविवार को देहराकैंट क्षेत्र में कांग्रेस का कुनबा और बढ़ गया। भाजपा में रहे स्वस्तिक चोपड़ा के साथ दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा पर भरोसा जताकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डॉ. गोगी ने युवाओं का स्वागत किया और कहा कि आज का युवा बेरोजगारी और महंगाई से त्रस्त है, इसलिए वह कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों की ओर देख रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही युवाओं को सम्मान और नेतृत्व का उचित अवसर प्रदान करती है। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष ट्विंकल अरोड़ा ने किया। इस मौके पर मदन लाल, वीरेंद्र पंवार और शिवांशु जायसवाल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## आईटीबीपी महानिदेशक ने की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। रविवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य की सीमाओं की सुरक्षा, सीमांत क्षेत्रों में विकास कार्यों तथा आपदा प्रबंधन में समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में आईटीबीपी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में आईटीबीपी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में तैनात जवान न केवल देश की सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों में भी सहभागी बन रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सीमांत जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क, स्वास्थ्य, संचार और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और आईटीबीपी के बीच बेहतर समन्वय से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी।डीजी आईटीबीपी शत्रुजीत कपूर ने मुख्यमंत्री को सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, आधुनिक संसाधनों तथा बल की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा आईटीबीपी को दिए जा रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में आपदा प्रबंधन, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में आईटीबीपी की सक्रिय भूमिका पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय आईटीबीपी ने सदैव तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर प्रदेशवासियों का विश्वास जीता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "सुरक्षित सीमा, सशक्त उत्तराखंड" के संकल्प के साथ राज्य सरकार सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है, ताकि सीमांत क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास की त्रिस्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

## मन की बात कार्यक्रम जन–जन को प्रेरित करने वाला माध्यम : सीएम धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में जन प्रतिनिधियों और संस्कृति स्कूल के बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन–जन को प्रेरित करने वाला माध्यम है, जो नवाचारों, सामाजिक एकता तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान को प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस एपिसोड में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) पर वैश्विक शिखर सम्मेलन, अंगदान की प्रेरणादायक कहानियां तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी से सावधानी बरतने पर जोर दिया। उन्होंने प्रदेशवासियों से पइन संदेशों को अपनाने तथा अक् स्वास्थ्य जागरूकता एवं डिजिटल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजानदास, सविता कपूर, सुरेश गड़िया, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौंरियाल मौजूद थे।

## देहरादून की पलटन बाजार जामा मस्जिद कमेटी के चार्ज को लेकर हंगामा

देहरादून। जामा मस्जिद पलटन बाजार की कमेटी के चार्ज को लेकर शनिवार को नई एवं पुरानी कमेटी में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में हाथापाई की नौबत आ गई और घूसे चले। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। हाल ही में वक्फ बोर्ड की ओर से जामा मस्जिद में नई कमेटी का गठन किया है।

अध्यक्ष शादाब शम्स की ओर से नई कमेटी को प्रमाण पत्र सौंपा गया है। शनिवार को सचिव अमीर कुरैशी समेत कई सदस्य चार्ज लेने के लिए पहुंचे थे। पुरानी कमेटी के सदर नसीम अहमद समेत अन्य से चार्ज लेने को लेकर गहमागहमी एवं विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। मुस्लिम सेवा संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी यहां मौजूद थे।

## आशारोड़ी वन रेंज कार्यालय में तोड़फोड़ और हंगामें में दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। क्लेमनटाउन थाना क्षेत्र के आशारोड़ी वन रेंज कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़, हंगामा और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। क्लेमनटाउन पुलिस ने इस मामले में नामजद दो आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। क्लेमनटाउन थाना अध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि शनिवार को आशारोड़ी रेंज के वन रेंजर रवींद्र कुमार बेडवाल ने थाने में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया था कि दो युवकों ने उनके कार्यालय में घुसकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान आरोपियों ने न केवल गाली–गलौज और मारपीट की, बल्कि कार्यालय परिसर में खड़ी गाड़ियों में भी भारी तोड़फोड़ की। इस कृत्य से राजकीय कार्य में भी बाधा उत्पन्न हुई। तहरीर के आधार पर क्लेमेंट टाउन पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने थानाध्यक्ष क्लेमनटाउन को आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए थे। इन आदेशों के क्रम में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रविवार को दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

आरोपियों की पहचान वैभव गौड़ (उम्र 28 वर्ष) निवासी चंद्रबनी, थाना पटेल नगर और सावेज शाह (उम्र 27 वर्ष) निवासी माजरा, थाना पटेल नगर, देहरादून के रूप में हुई।

## आईजी कारागार ने कैदियों की आत्मनिर्भरता को सराहा



रुद्रपुर। आईजी कारागार करण सिंह नागन्याल ने शनिवार शाम केंद्रीय कारागार सितारगंज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागार परिसर की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। उन्होंने कैदियों की आत्मनिर्भरता को सराहा। आईजी नागन्याल ने सेंट्रल जेल और संपूर्णानंद शिविर का दौरा किया। यहां बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिंडा कॉरपोरेशन के सहयोग से 60 बंदी दो वाहन कंपनियों के लिए वायर हार्नेस निर्माण कार्य में लगे हैं। इसके अलावा कारागार में संचालित दर्जी इकाई, लोहार इकाई, बढ़ईगीरी इकाई, नर्सरी और मिट्टी के गमलों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। जेल परिसर में बंदियों द्वारा जैविक सब्जियां भी उगाई जा रही हैं। आईजी ने कारागार में स्थापित ह्यरेडियो कक्षह्न का अवलोकन किया, जहां बंदियों की फरमाइश पर गीत प्रसारित किए जाते हैं। उन्होंने रसोईघर एवं कारागार बेकरी की स्वच्छता, गुणवत्ता और पोषण स्तर की विशेष सराहना की।

## जामा मस्जिद कमेटी सोमवार को लेगी चार्ज

देहरादून। पलटन बाजार की जामा मस्जिद की संपत्तियों की देखरेख को बनाई गई नई कमेटी सोमवार को चार्ज लेगी। शनिवार को चार्ज लेने के दौरान हंगामा, धक्कामुक्की एवं मारपीट हो गई थी। नई एवं पुरानी कमेटी के पदाधिकारियों से शहर के कई जिम्मेदारों ने वार्ता की है और इस मामले में कोई भी विवाद न करने की नसीहत दी है। नवनियुक्त सचिव अमीर कुरैशी का कहना है कि चार्ज को लेकर विवाद नहीं है। कुछ लोगों ने अड़चन की, उन्हें समझा दिया गया है। कानूनी रूप से कमेटी बनी है, चार्ज देने में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। चार्ज लेकर मस्जिद, संपत्तियों एवं गरीबों की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे।

## समाजसेवी, शिक्षाविद्, उद्यमी और आंदोलनकारी सम्मानित



रुद्रपुर। नगर निगम सभागार में रविवार को स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की स्मृति में ह्यउत्तराखंड गौरव सम्मान समारोहह्न का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, सांस्कृतिक कर्मियों और राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी परिषद के बैनर तले किया गया। सम्मानित हस्तियों में पौड़ी जनपद की रेखा बलूनी प्रमुख रहीं, जो अपने लोकगीतों और कविताओं के माध्यम से पलायन के विरुद्ध जनजागरण अभियान चला रही हैं। अल्मोड़ा के अजय परिहार को ह्यपरिहार एंटरप्राइजह्न के तहत गोट फार्मिंग के जरिए रोजगार सृजन के लिए सराहा गया। श्री तेग बहादुर वेलफेयर ट्रस्ट, जिंदगी जिंदाबाद की लवली लांबा, सारथी दिव्यांग वेलफेयर सोसाइटी की एडवोकेट संध्या सक्सेना और पर्वतीय समाज समिति के गिरीश चंद्र जोशी और उनकी टीम को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## अल्मोड़ा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा



अल्मोड़ा। नगर के लोअर माल रोड स्थित सिमकनी मैदान में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाल बाबा ने की, जबकि विभिन्न वक्ताओं ने समाज संगठन, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत बौद्धिक प्रमुख रेखा जोशी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्रीय सांसद भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत देवभूमि सांस्कृतिक समिति, अल्मोड़ा और संस्कृति विभाग उत्तराखंड के सहयोग से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। हास्य कलाकार मोहन दा और अमित भट्ट के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। नारायण थापा और पीरूल संस्था की ओर से प्रस्तुत छोलिया नृत्य ने विशेष आकर्षण बटोरा। इस आयोजन में मां अम्बे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज और त्रिपुरा सुंदरी महिला समिति का भी सहयोग रहा। विद्या भारती के शिशु मंदिर और विवेकानंद विद्या मंदिर के विद्यार्थियों के साथ भारतीय जनता पार्टी और उससे जुड़े विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## साका ननकाना साहिब के शहीदों को समर्पित गुरमत समागम

देहरादून। रविवार को गुरुद्वारा गोबिंद नगर रेसकोर्स में श्री गुरु हरकिशन साहिब कीर्तन अकादमी यूनिट ऑफ अकाल पुरख की फौज द्वारा सब संगतों के सहयोग से गुरुमत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें लुधियाना से आए वक्ता उरविंदर सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा सुधार लहर से ही गुरुद्वारों को महंतों के चंगुल से आजादी मिली थी। सिंहों और सिंहनियों ने गुरु विचारों पर चलकर ही इससे मुक्ति पाई। उत्तराखंड सिख कॉर्डिनेशन कमेटी, गुरुद्वारा गोबिंद नगर रेसकोर्स, गुरमत प्रचार सभा, सुखमनी साहिब सेवा सोसायटी और स्त्री सत्संग सभा के माध्यम से आयोजित धार्मिक आयोजन में उरविंदर सिंह ने बताया कि गुरु ने अपने अनुयायियों को गुरु विचारों पर चलने की प्रेरणा दी, कि गलत को गलत और सही को सही कहा जाए। परंतु देखा जाएं तो हालात आज इसके बिल्कुल विपरीत है। आज फिर से कहीं न कहीं महंत प्रथा जैसे कुछ गुरुद्वारों में काबिज होकर सिख पंथ की भावना के विपरीत आचरण कर रहे हैं। इसलिए एक बार पुनः गुरुद्वारा सुधार लहर आवश्यक हो गई है। गुरुद्वारा सुधार लहर से युवक व नई पीढ़ी क्यों दूर होती जा रहीं है, ये सोचनीय प्रश्न है। जिसका जवाब हमें ही ढूंढना है। गुरुद्वारा सुधार लहर पर चल कर ही हम साका ननकाना साहिब के शहीदों को नत मस्तक हो कर सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर सतपाल सिंह पाली, दलजीत सिंह, गुरदीप सिंह सहोता, जसदीप सिंह, हरप्रीत सिंह, तलविंदर सिंह, गगनदीप कौर समेत संगते मौजूद थी।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.8889 (UTTHIN/2005/16338)